मतदाताओं के पास मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का सुनहरा मौका है: डॉ. बलबीर

मोदी सरकार चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए देश की जनता को दे रही धोखा

➪ डॉ. बलबीर सिंह ने विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान एक सार्वजनिक बैठक को किया संबोधित

जगमार्ग न्यूज

पटियाला। देश के विभिन्न राज्यों के समुचित विकास के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार को केंद्र में लाने के लिए जनता को स्वयं मतदान कर अपना कर्तव्य निभाना होगा। क्योंकि आप सरकार आम जनता की सरकार है। यह विचार लोकसभा पटियाला से प्रत्याशी एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान एक सार्वजनिक बैठक के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर उनके साथ राजपुरा विधायक नीना मित्तल विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस मौके पर डॉ. बलबीर ने कहा कि पिछले दस वर्षों से नरेंद्र मोदी ने जो तानाशाही की है, उसे खत्म करने के लिए आप को मजबूत करना जरूरी है. उन्होंने कहा कि देश के चंद पूंजीपति घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए पूरे देश की जनता को बेरोजगारी, महंगाई, भुखमरी और किसानों को बदहाल जीवन जीने को मजबूर किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि मतदाताओं के पास देश में कायम हो रही तानाशाही को खत्म करने का यह सुनहरा मौका है।

केंद्र में आप की सरकार बनने पर पार्टी द्वारा सभी वर्गो से किए गए वादे पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी देश में संघीय व्यवस्था के खिलाफ है और किसान विरोधी है. इसी पार्टी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करके सारी खेती कॉरपोरेट को सौंपने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि पंजाब की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है और बीजेपी किसानों के हाथ से खेती छीनकर कॉरपोरेट के हाथ में देने की कोशिश कर रही है। जिसके लिए मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा और इसकी शुभ शुरुआत देश का हर आम आदमी करेगा। इस मौके पर अन्य आप नेताओं में ब्लॉक अध्यक्ष संदीप लवली, फजल जंसाला, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जसप्रीत सिंह लेहलां, ब्लॉक अध्यक्ष शाम सुंदर वाधवा, राजविंदर कौर, बाबा नछत्तर सिंह, पिंकी गाजू खेड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष बिक्रमजीत पासी, किरनजीत पासी शामिल थे। गुरसेवक कलोली, ब्लॉक अध्यक्ष जगदीप अलुना, ब्लॉक अध्यक्ष लखविंदर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जसविंदर सिंह लाला खलोर, जसवीर सिंह कन्नूर, अवतार सिंह कन्नूर, गुरजीत सिंह कराला, हरिंदर सिंह सरपंच कलां, रिंकी सरपंच गजू खेड़ा, युवा अध्यक्ष राजेश बोवा, अमरेंद्र पाल सिंह, मनदीप सराओ और कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

घर के बाहर महिला के गले से बाइक सवार स्नैचरों ने उडाई सोने की चेन

जगमार्ग न्यूज

मोहाली। मोहाली में आए दिन कहीं न कहीं किसी का मोबाइल फोन स्नैचिंग, तो किसी महिला के सोने की चेन व अन्य तरह की नगदी लूटे जाने के मामले सामने आते रहते हैं। इसी कडी में अभी हाल में एक बार फिर सैक्टर-79 स्थित रिहायशी इलाके में शाम के समय जब एक महिला अपने घर के बाहर अपना एक्टिवा खडा करने लगी तो पीछे से दो मोटरसईकिल सवार आए और एक युवक ने पीछे से जोर से महिला के गले से सोने की चेन झपट कर रफू चक्कर हो गए। हालांकि वारदात के बाद पीडित महिला के पति ने संबंधित पुलिस को मामले की शिकायत दी और पुलिस मामले की जांच कर रही है। चेन स्नैचिंग मामले की जानकारी देते हुए पीडित महिला सीमा गुप्ता ने बताया कि वह बीती शाम को अपने घर के बाहर अपना एक्टिवा करने लगी थी कि अचानक मोटरसाईकिल पर दो युवक आए जिन्होंने मुंह ढांक रखा था और अचानक से उनके गले से एक युवक ने सोने की चेन झपट कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि स्नैचरों ने इस बेरहमी से उनके गले से चेन खींची कि उनके गले में जख्म हो गया। पीडित महिला के पति ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने मामले की शिकायत संबंधित पुलिस को दे दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जिस समय स्नैचरों ने वारदात को अंजाम दिया उस समय शाम ज्यादा होने के चलते स्नैचरों की तस्वीरें घर के बाहर लगे सीसीटीवी में पूरी तरह से क्लीयर नहीं है। उन्होंने मीडिया के सामने जानकारी देते हुए बताया कि यदि उनकी पत्नी की चेन मामले में पुलिस स्नैचरों को पकडती है तो वह पुलिस को उचित इनाम देंगें और पुलिस वालों की तस्वीरें भी मीडिया के सामने लाएंगें। उन्होंने और श्री सनातन धर्म मंदिर सभा सैक्टर-79 के मौजूदा प्रधान प्रेम सागर गुप्ता ने कहा कि उनके इलाके में आए दिन चोरियां और स्नैचिंग की वारदातें आम सुनने और देखने को मिल रही है और पुलिस स्नैचरों को पकडने में नाकाम साबित हो रही है।

न्यूज डायरी

आरएसएस बिल्डिंग में मॉक ड्रिल आयोजित

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के संबंध में शहर के सुरक्षा परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, चंडीगढ़ पुलिस के ऑपरेशंस सेल ने मृदुल एसपी ऑपरेशंस के निर्देशों के तहत आरएसएस कार्यालय भवन सेक्टर-18 चंडीगढ़ में मॉक अभ्यास का आयोजन किया है। इसमें सभी आपातकालीन सेवाओं और इकाइयों को समय पर भाग लिया जाता है। मॉक ड्रिल के दौरान, आरएसएस कार्यालय भवन सेक्टर-18 चंडीगढ़ के क्षेत्र को ऑपरेशन सेल के कमांडो द्वारा घेर कर खाली कराया गया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंच गई है और बम खोजी दस्ते और डॉग स्क्वायड के साथ गहन तलाशी ली गई और आरएसएस कार्यालय भवन के भूतल से डमी बम का सफलतापूर्वक पता लगा लिया गया। इसके बाद बम स्क्वायड टीम द्वारा भी सर्चिंग की गई, लेकिन कोई अन्य संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु नजर नहीं आई। इसके अलावा पता लगाए गए डमी बम को डिफ्यूज करने के लिए पीसीआर वाहनों के पायलट और एस्कॉर्ट के साथ एक रेत बैग ट्रक में पुलिस लाइन, सेक्टर -26, चंडीगढ़ के खुले मैदान में सुरक्षित रूप से ले जाया गया है।

चोरों ने तीन किसानों के ट्यूबवेल से चोरी किया सामान, जांच में जुटी पुलिस

रायपुररानी (जगमार्ग न्यूज)। गांव ककराली में तीन किसानों के ट्यूबवेल से चोरी होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार कुरुक्षेत्र निवासी संजीव कुमार पुत्र सत्यनारायण शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह एक निजी कंपनी में कार्यरत है। 4 मई को केयर टेकर दलीप कुमार ने उसे सेब के बाग में चोरी होने की सूचना दी। मौके पर संजीव ने देखा कि अज्ञात चोर बाग से एक पंखा, 6 टूँटियां, वाश वेशन, सिस्टन चुराकर फरार हो गए। चोरी की घटना सुनकर किसान राजेश कुमार और प्रदीप बाग में पहुँचे। उन्होंने कहा कि चोर उनके ट्यूबवेल से स्टार्टर, ग्रिप, स्प्रे पंप और 120 फीट केबल तार भी उड़ा ले गए। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्जकर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

पंजाब और हरियाणा की सीमा पर 35 लाख कैश सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

लालडू (जगमार्ग न्यूज)। पुलिस ने अंबाला चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव झरमड़ी में अंतरराज्यीय नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति की गाड़ी से 35 लाख रुपये बरामद किये। पुलिस ने नकदी को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसपी डेराबस्सी वैभव चौधरी ने बताया कि पंजाब राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। एएसपी डेराबस्सी वैभव चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रमुख लालडू गुरजीत सिंह की देखरेख में अंबाला चंडीगढ़ रोड पर झरमडी बैरियर लालडू में नाकाबंदी के दौरान एक कार नंबर यूपी-14 डीसी-5858 ब्रांड फॉर्मेटिक मर्सिडीज की जांच की गयी। जांच के दौरान गाड़ी से 35 लाख रुपये नकद बरामद किए गये। उक्त कार का चालक सिबू राय पुत्र बलदेव राय निवासी वार्ड नंबर 4 झंझारपुर जिला मधुबनी बिहार को पकड़ने में सफलता हासिल की है। बरामद कैश के संबंध में कोई दस्तावेज या रसीद आदि प्रस्तुत नहीं कर सका। हालांकि उक्त बरामद नक़दी को जब्त कर लिया गया। आयकर अधिकारियों की उपस्थिति में उचित प्रणाली के माध्यम से बरामद कैश के संबंध में जांच पूरी होने के बाद कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

श्री राम कथा में केवट प्रसंग का किया व्याख्यान

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। श्री ब्राह्मण सभा चंडीगढ़ द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान परशुराम भवन सेक्टर 37-सी में पांच दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया। कथा के तीसरे दिवस का शुभ आरंभ श्री ब्राह्मण सभा चंडीगढ़ के सभी सदस्यों ने प्रभु का विधिवत पूजन करके किया। कथा के संस्थान दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान से आमंत्रित संस्थान के संचालक एवं संस्थापक श्री आशुतोष महाराज जी की परम शिष्या कथा व्यास साध्वी संयोगिता भारती ने भक्तों के समक्ष एक ऐसे भक्त की गाथा को ब्याँ किया, जो भाषा से अनिभज्ञ, ग्रामीण, गरीब है। प्रभु राम का यह भक्त केवट प्रभु के प्रति अथाह प्रेम से भरा हुआ। जो यह कहता है कि मैं प्रभु के मर्म का जानता हूँ। एक साधारण सा व्यक्ति होकर भी केवट प्रभु के समक्ष जो बात कहता है वही बात आज हमारा प्रत्येक धार्मिक ग्रंथ, शास्त्र भी कहता है कि परमात्मा के मर्म को, भेद को जाना जा सकता है। वेदों में मुनियों ने यह बात कही, भक्तों ने भी तो यही कहा है हमने उस परमात्मा को जाना है। आज परमात्मा की अनुभूति की प्रत्येक व्यक्ति को जरुरत है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक आशुतोष महाराज जी तत्वज्ञान प्रदानकर उस परमात्मा का दीदार प्रत्येक पिपासु को भीतर करवा रहें है। ब्रह्मज्ञान द्वारा ही सम्पूर्ण विश्व में बंधुत्व एवं शांति की स्थापना हो सकती है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान अध्यात्म क्रांति, के साथ साथ सामाजिक स्तर पर भी कार्यरत है। साध्वी जी ने बताया कि यदि आप इस धू-धू कर जलते समाज को बचाना चाहते हैं, यदि आप चाहते हैं कि विश्व में पुनः शांति का बिगुल बजे तो आवश्यकता है ब्रह्मज्ञान की। तीसरे दिवस कथा को विराम प्रभु की पावन आरती को करके दिया गया। प्रभु की पावन आरती में श्री ब्राह्मण सभा चंडीगढ़ के सभी सदस्य एवं उपस्थित भक्तजन सम्मिलित हुए।

देश में विभाजनकारी एजेंडा फैला रही है कांग्रेस: शक्ति देवशाली



चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। भाजपा ने कांग्रेस के देश में विभाजनकारी राजनीतिक करने के एजेंडे की निंदा की। चंडीगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शक्ति प्रकाश देवशाली ने भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन के पक्ष में प्रचार करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की नस्लीय टिप्पणी को अपमानजनक बताते हुए कहा कि यह देश के लिए बड़ी शर्म की बात है कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता यह कहने की कोशिश कर रहे हैं कि पूर्व में रहने वाले भारतीय दक्षिण के लोगों से अलग हैं या इस मामले में उत्तर में रहने वाले लोग पश्चिम के लोगों से अलग हैं। कांग्रेस का केवल एक ही एजेंडा है देश को बांटना, आजादी से लेकर अब तक कांग्रेस इसी नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा ऐसे बयानों से भारतीयों के बीच राष्ट्र विरोधी भावनाएं भड़काने की कोशिश करती रही है। इससे पहले, पित्रोदा ने जनरेशन टैक्स पर बेतुकी टिप्पणी के लिए आवाज उठाई थी, जिसके लिए उन्हें प्रधान मंत्री सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जनता चुनाव में सबक सिखाएगी, क्योंकि कांग्रेस के पास कोई एजेंडा नहीं है, वह राष्ट्र विरोधी भावनाओं को भड़ाकर आपसी सौहार्द और भाईचारे को बिगाड़ना चाहती है। जनता कांग्रेस की नीति और नियत, दोनों को अच्छी तरह समझ चुकी है। आगामी चार जून को तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र हित के साथ खड़ी है।

मनोरंजन इंडस्ट्री में आई क्रांति, किसी भी स्क्रीन पर देखें टीवी और ओटीटी एकसाथ

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है। 'डिश टीवीस्मार्ट+ सर्विसेज' के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। डिश टीवी स्मार्ट+ सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं। डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष (टॉप) टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ भी सहयोग करेगा, जिससे सभी उपयोगकर्ता को भरपूर अनुभव मिलेगा। कॉमेडियन और एक्टर गुरप्रीत घुग्गी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा करते हुए कहा, 'मैं एक ऐसे व्यक्ति के रूप में खुदको देखता हूँ जो ऐसे युग में बड़ा हुआ जहां मनोरंजन आसानी से उपलब्ध नहीं था इसलिए मैं वास्तव में डिश टीवी स्मार्ट+ सर्विसेज के लिए डिश टीवी की सराहना करता हूं। यह टीवी और ओटीटी को एक मंच पर लाने के साथ लोगों के दिलों को भी करीब लेकर आ रहा है।

पैर के लिगामेंट की चोटों का सफलतापूर्वक इलाज किया

जगमार्ग न्यूज

चंडीगढ़। मोहाली के एक निजी अस्पताल के ऑर्थोपेडिक्स डिपार्टमेंट के अंतर्गत फुट एंड एंकल डिपार्टमेंट ने डिफॉर्मिटी करेक्शन सर्जरी के माध्यम से टखने (एंकल) और पैर के लिगामेंट की जटिल चोटों से पीड़ित कई खिलाड़ियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। डॉ. चंदन नारंग, एसोसिएट कंसल्टेंट, फुट एंड एंकल डिपार्टमेंट, फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली, ने ऐसे कई एथलीटों का इलाज किया है, जिससे उनमें आशा की किरण जगी है।ऐसे ही एक मामले में, एक 21 वर्षीय दिल्ली दबंग कबड्डी टीम के खिलाड़ी राहुल कुमार, जिनका टखना और पैर के लिगामेंट की चोटों के कारण गंभीर रूप से बाधित हो गया था और जो खेल छोड़ने की कगार पर था, का इलाज हाल ही में डॉ. नारंग ने किया था। मरीज़ को तेज़ दर्द हो रहा था और उनकी गतिशीलता बुरी तरह प्रभावित हो गई थी। अन्य सुविधाओं में उपचार प्रक्रियाओं से राहत पाने में विफल रहने के बाद, उन्होंने अस्पताल में डॉ. नारंग से संपर्क किया। चिकित्सीय जांच से पता चला कि मरीज को क्रॉनिक एंकल इंस्टैबिलिटी (टखने का बार-बार मुड़ना) था, जिसके कारण टखने का बाहरी भाग (पार्श्व भाग) बार-बार मुड़ जाता था। यह स्थिति मुख्य रूप से टखने में बार-बार मोच आने के कारण होती है। डॉ. नारंग ने लेटरल एंकल लिगामेंट रिकंस्ट्रक्शन के माध्यम से मरीज का इलाज किया, जिसमें टखने के बाहर टखने के लिगामेंट को आंतरिक ब्रेस और पुनर्निर्माण के माध्यम से ठीक किया गया। अस्पताल में बेहतर देखभाल के बाद, मरीज की सर्जरी के उपरांत सहजता से रिकवरी हुई और अगले दिन उन्हें छुट्टी दे दी गई।

अनाज मंडी में की विशेष छापेमारी

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने चंडीगढ़ के सेक्टर-26, अनाज मंडी में विशेष छापेमारी की, जो कि चंडीगढ़ के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाजार में सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। इस छापेमारी का मुख्य उद्देश्य बाजार में बेचे जा रहे विभिन्न चावल किस्मों के नमूनों को गहन विश्लेषण के लिए जब्त करना था। इन नमूनों की भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा विधिवत अधिकृत खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला में सावधानीपूर्वक जांच की जाएगी। स्थापित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने वाले किसी भी नमूने के परिणामस्वरूप जिम्मेदार खाद्य व्यवसाय संचालकों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। इस पहल के मद्देनजर, स्वास्थ्य विभाग सभी निवासियों और उपभोक्ताओं से बाजार से खाद्य पदार्थ खरीदते समय सावधानी और सतर्कता बरतने का आग्रह करता है। यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि खरीदारी लाइसेंस प्राप्त दुकानों से की जाए जो सख्त स्वच्छता प्रथाओं का पालन करते हैं और गुणवत्ता वाले उत्पादों का उपयोग करते हैं, इस प्रकार संभावित खतरों से उपभोक्ता के स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं।

चंडीगढ़ कांग्रेस ने वाइस प्रेसिडेंट और जनरल सेक्रेटरी समेत कई पदाधिकारी किए नियुक्त

जगमार्ग न्यूज

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रचार-प्रसार जोर कर रखा है। वहीं चुनाव के बीच अब पार्टी ने कुछ अहम नियुक्तियां भी की हैं। चंडीगढ़ कांग्रेस में वाइस प्रेसिडेंट, जनरल सेक्रेटरी, सेक्रेटरी, जाइंट सेक्रेटरी समेत अन्य पदों पर अतिरिक्त पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रभारी राजीव शुक्ला की मंजूरी से इन पदाधिकारियों की नियुक्तियां हुई हैं। वहीं चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने नियुक्तियों को लेकर अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के मुताबिक अतिरिक्त पदाधिकारियों के तौर पर वाइस प्रेसिडेंट के पद पर पवन शर्मा, सुरिंदर सिंह, मोहम्मद सादिक, गुरचरण दास काला और राजीव कुमार मौदगिल की नियुक्ति की गई है। वहीं जनरल सेक्रेटरी पद पर यादविंदर मेहता, शीला फूल सिंह, हाकम सरहदी, अनीता शर्मा, बीएम खन्ना, हरमेल केसरी, रवि ठाकुर, बरिंदर ठाकुर (बिंदु), राज नागपाल और वसीम मीर, सुरजीत चौधरी की नियुक्ति हुई है। इसी प्रकार सेक्रेटरी पद पर डॉ. इरशाद हसन, दाउद अहमद, मलकीत सिंह, उर्वशी शर्मा, मुकेश कुमार, मुस्तकीम खान, नरिंदर चौधरी, जलील अहमद कुरैशी, इमरान मंसूरी और केआर महाजन की नियुक्ति हुई है। वहीं जाइंट सेक्रेटरी पद पर खलील अहमद, राम बाबू सिंह, शमशेर लोटिया, धर्मवीर सिसोदिया, अनिल गोयल, सुरिंदर शर्मा पिंकी, बीएन तिवारी, तारा चंद, अजय सिंगला, सोनिया दुग्गल, सोनिया जायसवाल, अजय कुमार, रविंदर सिंह त्यागी, बलवंत सिंह बंता की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा प्रवक्ता पद पर दिलावर सिंह और जिला कांग्रेस कमेटी शहरी-1 के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर राजदीप सिद्धू और जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण-4 के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर दलजीत सिंह की नियुक्ति की गई है।

मनीष तिवारी ने राधा स्वामी बाबा जी का आशीर्वाद लिया



चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मनीष तिवारी ने आज राधा स्वामी डेरा ब्यास के पूजनीय बाबा जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अपनी बेटी इनिका के साथ तिवारी ने सुबह डेरा ब्यास में बाबा जी से मुलाकात की और उनका मार्गदर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के बाद, तिवारी ने कहा कि जब भी उन्हें बाबा जी के पास जाकर अपनी श्रद्धा प्रकट करने का मौका मिलता है, वह यहां पहुंच जाते हैं और यह हमेशा आध्यात्मिक रूप से बेहतरीन यात्रा रही है। उन्होंने कहा कि बाबा जी की दिव्य उपस्थिति में व्यक्ति हमेशा आध्यात्मिक रूप से खुद को आश्वस्त महसूस करता है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा बाबा जी का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते रहते हैं।

श्री गुरु अंगद देव जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

मोहाली (जगमार्ग न्यूज)। दूसरे पतिशाह श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व यहां के नजदीकी गांव सोहना के ऐतिहासिक गुरुद्वारा सिंह शहीदां में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। प्रकाश पर्व की खुशी में सुबह 9:00 बजे श्री सहज पाठ साहिब जी का भोग डाला गया, जिसके बाद दिन भर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में भाई कुलदीप सिंह जी के पंथक जत्थे ने संगत को श्री गुरु नानक देव जी द्वारा भाई लहना जी को गुरु पद का उपहार देकर गुरु अंगद देव जी बनाने के प्रसंग की जानकारी दी। भाई अमनदीप सिंह के जत्थे ने रस भजने कीर्तन से श्रद्धालुओं को दिव्य मंत्रोच्चारण में डुबोकर गुरु से जोड़ने का प्रयास किया। श्री आनंदपुर साहिब के शिरोमणि प्रचारक भाई संदीप सिंह ने संगतों को श्री गुरु अंगद देव जी द्वारा सुनाए गए धुर की बानी के 62 श्लोकों के बारे में विस्तार से बताया जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज में दर्ज हैं। इसके अलावा अकाल कविश्री जत्था, भाई परविंदर सिंह, बीबी गुरनूर कौर, भाई ओंकार सिंह, भाई गुरविंदर सिंह, सुखमनी सेवा सोसायटी की महिलाएं, भाई कुलतार सिंह, भाई नितिन सिंह, भाई गुरमीत सिंह, भाई इंद्रजीत सिंह, भाई सुखविंदर सिंह ने कथा, कीर्तन, कविशरी और गुरमति विचारों के माध्यम से पूरे दिन हरि जस सुनाकर संगतों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पंजाब में 42 डिग्री से पार पारा, हीट वेव पर स्कूलों में शिक्षा विभाग ने जारी की एडवाइजरी

जगमार्ग न्यूज

जीरकपुर। शुक्रवार व शनिवार पंजाब में कई जगह बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार हालांकि बारिश से अधिक फर्क नहीं पड़ेगा और अगले कुछ दिन में तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। पंजाब में गर्मी का प्रकोप जारी और पिछले कुछ दिन से लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को सूबे में अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि अधिकतम तापमान में 0.9 डिग्री की मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन अभी भी यह सामान्य से 2.2 डिग्री ऊपर बना हुआ है। वहीं पंजाब में न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी बीच मौसम विभाग ने शुक्रवार से पंजाब में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। शुक्रवार व शनिवार पंजाब में कई जगह बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार हालांकि बारिश से अधिक फर्क नहीं पड़ेगा और अगले कुछ दिन में तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी।

शिक्षा विभाग की एडवाइजरी

वहीं शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों के लिए हीट वेव एडवाइजरी जारी की है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व स्कूल प्रमुखों को भी इसकी कॉपी भेजी गई है, ताकि वह इसका सही रूप से पालन करवा सकें। एडवाइजरी में कहा गया है कि विद्यार्थियों को सुबह की प्रार्थना, फिजिकल एजुकेशन के पीरियड और कक्षाओं में भी इन दिशा-निर्देशों के प्रति अवगत करवाया जाना चाहिए। इसमें अधिक पानी पीने की सलाह दी गई है। साथ ही शिक्षकों और विद्यार्थियों को हलके रंग कपड़े पहनने से लेकर गर्मी से बचने के अन्य तरीकों के संबंध में जानकारी दी गई है। ओआरएस के घोल का प्रयोग करने का सुझाव दिया गया है। इसी तरह घरों में तैयार किए जाने वाले पदार्थ जैसे ही नींबू पानी, लस्सी, नारियल पानी आदि तरल पदार्थ का प्रयोग किया जा सकता है। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घरों से न निकलने के लिए भी कहा गया है, क्योंकि इस समय तापमान अधिक होता है।

आज भाजपा की जनसभा को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

चंडीगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। वीरवार को सेक्टर-27 स्थित रामलीला ग्राउंड पर लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की जनसभा होगी। इस जनसभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नण्डा मौजूद रहेंगे। ऐसे में चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी की है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वह एडवाइजरी का पालन करें। एडवाइजरी के अनुसार यातायात को सेक्टर-27 के आसपास के क्षेत्र यानि के सेक्टर 19/27 लाइट प्वाइंट, 27/28 लाइट प्वाइंट से आंतरिक वी-5 सड़कों के प्रवेश और निकास को स्थिति के अनुसार वी-4 रोड के साथ डायवर्ट किया जा सकता है। उपरोक्त के मद्देनजर आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे शाम 4:00 बजे से रात 9:00 बजे तक उपरोक्त उल्लिखित सड़कों से बचें और किसी भी भीड़ या असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाएं। इसके अलावा, सामान्य जनता से अनुरोध है कि ट्रैफिक पर वास्तविक समय के अपडेट के लिए चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट को फॉलो करें। जनसभा में भाग लेने वालों को सलाह दी जाती है कि वे अपने वाहनों को साइकिल ट्रैक और पैदल पथ पर पार्क न करें और न ही अपने वाहनों को मुख्य मार्ग पर पार्क करें। अगर कोई ऐसा करता पाया गया तो कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मीटिंग न करने देने से नाराज होकर ईओं के खिलाफ किया रोष प्रदर्शन



जगमार्ग न्यूज

राजपुरा। पिछले दो वर्षो से मीटिंग हाल में मीटिंग करते आ रहे नगर काउंसिल रिटायर्ड मुलाजिम ऐसोसिएशन को मीटिंग करने की इजाजत ना देने व मीटिंग हाल के गेट को ताले लगा देने से नाराज नगर कोंसिल रिटायर्ड मुलाजिम ऐसोसिएशन ने मीटिंग हाल के बाहर व ईओं के दफतर के बाहर जम कर रोष प्रदर्शन किया। डिक्टेटर बनने के अरोप भी ईओं पर लगाये। इस मोके पर पत्रकारों से बात करते हुये ईओ अवतार चंद पर धक्के शाही के अरोप लगाते हुये ऐसोसिएशन के प्रधान राधा कृष्ण भटेजा, चेयरमैन विजय तनेजा ने बताया कि नगर कौंसिल रिटायर्ड मुलाजिम ऐसोसिएशन की ओर से पिछले लगभग 2 वर्षो से महीना वार मीटिंग नगर कौंसिल के मीटिंग हाल की शांती पूर्व की जाती रही है। वीरवार को होने वाली मीटिंग के लिये जब आठ मई को ईओं को पत्र लिखा तो ईओ ने मीटिंग के लिये हाल उपलब्ध करवाने पर रोक लाते हुये मीटिंग हाल के गेट पर ताले लगवाने के साथ मीटिंग करने इजाजत नहीं दी। जिससे नाराज हो कर नगर कौंसिल मुलाजिम एसोशन के सदस्यों ने नगर कौंसिल में धरना दे रोश प्रर्दशन किया तथा धक्केशाही करने अरोप भी ईओं पर लगाये। इस मोके पर ईओ अवतार चंद ने पत्रकारों से बात करते हुये कहा कि नगर कौंसिल का जो मीटिंग हाल है वह सिर्फ नगर कौंसिल के पार्षदों व मुलाजिमों के साथ मीटिंग करने के लिये हे, रिटायर्ड कम्रचारियों के लिये मीटिंग करने के लिये नहीं है और ना ही मुझे मीटिंग हाल किसी को देने की पावर है, रिटायर्ड मुलाजिमों की ओर से पिछले दो वर्षो से उक्त हाल में महीने में एक मीटिंग करते आ रहे स्वाल पर उन्होने कहा कि इसके बारे मैं कुछ नहीं कह सकता, रिटायर्ड मुलाजिमों की मांग पर मीटिंग हाल की इजाजत के लिये हाऊस में प्रस्ताव रख दिया जायेगा।

हाउसिंग बोर्ड के मकानों को दिल्ली की तर्ज पर एकमुश्त निपटान के लिए वचनबद्ध: टंडन



जगमार्ग न्यूज

चंडीगढ़। सभी झुग्गी झोपडी वालों को पक्का मकान दिलवाना, इ डब्लू एस के मकानों का मालिकाना हक दिलवाना और हाउसिंग बोर्ड के मकानों की जरूरत के अनुरूप परिवर्तन को दिल्ली की तर्ज पर एक मुश्त हल करने की बात को दोहराते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय टंडन ने कहा कि सांसद बनते ही वे ये सभी मांगों को तुरंत प्रभाव से हल करवाएंगे। इसके लिए वे पहले भी सम्बंधित विभागों के साथ विचार विमर्श कर चुके हैं बस आप इधर ई वी एम का बटन दबाएं उधर वे तुरंत रिसेट बटन को दबा कर सिस्टम के पुराने ढाँचे को दुरुस्त कर के चंडीगढ़ की 80 प्रतिशत आबादी जो कि अतिक्रमण की वजह से परेशान है सभी को राहत प्रदान करवाई जाएगी। वे आज इ डब्लू एस धनास और और इंदिरा कॉलोनी में आयोजित विशाल जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता जय प्रकाश मौर्य, कांग्रेस के काका राम और राज कुमारी आज संजय टंडन के समक्ष भाजपा में शामिल हुए। जनसभा में उपस्थित सभी लोगों को सम्बोधित करते हुए टंडन ने कहा कि चंडीगढ़ 9 मई नई इंदिरा कॉलोनी मैं आयोजित बूथ सम्मेलन एवं जनसभा में जब लोकसभा चुनाव में भाजपा चंडीगढ़ के उम्मीदवार संजय टंडन पहुंचे तो उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव जीत जाने के बाद वे झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को पक्के मकानों में स्थानांतरित करेंगे उन्होंने यह भी कहा कि वह ईडब्ल्यूएस में रहने वाले लोगों को उनका मालिकाना हक भी दिलवाएंगे।

रोष भाजपा उम्मीदवार परनीत कौर का विरोध कर रहे किसान की मौत का मामला

मृतक किसान का पोस्टमार्टम के बाद गांव में किया अतिंम संस्कार

➪ प्रशासन ने दर्ज मामले में आरोपी के खिलाफ लुक आऊट नोटिस जारी करने, जांच के लिए एसआईटी का गठन करने सहित अन्य मांगे मानी: किसान नेता

जगमार्ग न्यूज

राजपुरा। बीती 4 मई को भाजपा उम्मीदवार महारानी प्रनीत कौर के चुनाव प्रचार का विरोध कर रहे किसान नेताओं में एक किसान सुरिंदरपाल सिंह आकडी की मौत हो जाने के मामले में परिवार किसान जत्थेबंदीयों की ओर भाजपा नेता पर धक्का देने से मौत होने का अरोप लगाने के मामले में प्रशासन की ओर से किसानों की मांगे मान लेने के बाद वीरवार को सिविल अस्साल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद मृतक का अतिंम संस्कार उनके गांव में हो गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा उम्मीदवार प्रनीत कौर बीती 4 मई को जब गांव सेहरा में चुनाव प्रचार कर रही थी तो किसान नेताओं ने उनके काफिले को रोक कर रोर्ष प्रदर्शन शुरू किया। इस मौके पर एक किसान सुरिंदरपाल सिंह आकडी जमीन पर गिर गया जिससे उसकी मोत हो गई। किसान नेताओं व परिवारिक सदस्यों ने अरोप लगाया कि भाजपा नेता प्रनीत कौर के काफिले के साथ मौजूद हरविंदर सिंह हरपालपुर पर धक्का मुक्की करने से किसान की मौत हुई है, जिसके बाद मृतक परिवार वालों के ब्यानों पर पुलिस ने हरविंदर सिंह हरपालपुर पर केस दर्ज कर लिया गया था पर किसान जत्थेबंदीयों के नेता मतृक किसान को बनता मुआवजा व सरकारी नौकरी आदि सहित अरोपीयों को गिरफतार करने की मांग पर बीते कल प्रनीत कौर के महल के बाहर पक्का मोर्चा लगाने का ऐलान किया गया था और रोष प्रदर्शन किया जा रहा था। जिसके बाद किसान नेताओं व प्रशासन के अधिकारियों में आपसी सहमती बन जाने पर मृतक का पोस्टमार्टम करवाने व अतिमं सस्कार करने का फैसला लिया गया है। इस मौके पर भारतीय किसान युनियन सिधू पुर के पंजाब महासचिव काका सिंह, सुरजीत सिंह, भारतीय किसान मजदूर युनियन के राष्ट्रीय प्रधान मनजीत सिंह ने बताया बीती चार मई को किसान की मौत के बाद जब प्रशासन ने मुकदमें में नामजद अरोपी को गिरफतार नहीं किया गया तो हमें प्रनीत कौर के निवास का घेराव करने का ऐलान किया था जिसके बाद प्रशासन ने उक्त दर्ज मामलें धारा 120 की बढोतरी करने के साथ एक सिट का गठन करने व अरोपी के खिलाफ लुक आऊट नोटिस जारी कर अरोपी को जल्द गिरफताकर करने के साथ अन्य कुछ मांगे प्रशासन ने मान ली है, जिसके बाद अब हमारी मीटिंग 18 मई को होगी, उसमें आगे की रणनीति पर विचार किया जायेगा।